**वेबसाइट/ई-मेल के माध्यम से**

स.12015/03/2020- रा.भा.(त.क.)

**राजभाषा विभाग**

**गृह मंत्रालय**

(तकनीकी कक्ष)

एन.डी.सी.सी. II भवन

चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001

दिनांक: 19/02/2021

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय:** ग्लोबल अनुवाद डेटाबेस को सुदृढ़ करने के लिए स्मृति आधारित अनुवाद सॉफ्टवेयर/टूल ""**कंठस्थ**"" के माध्यम से प्रतियोगिता का आयोजन (केवल सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों एवं बीमा कंपनियों के लिए)।

राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक **01 मार्च 2021 से 30 मई 2021 के** दौरान स्मृति आधारित अनुवाद सॉफ्टवेयर ""**कंठस्थ**"" के माध्यम से अनुवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य राजभाषा अधिकारियों/अनुवादकों को **"कंठस्थ"** में काम करने के लिए प्रेरित करना तथा **"कंठस्थ"** के ग्लोबल डेटा बेस को सुदृढ़ करना है ताकि इस सॉफ्टवेयर/टूल का प्रयोग करने वाले सभी प्रयोक्ता लाभान्वित हो सकें। **सर्वाधिक TM (Translation Memory) जोड़ने वाले शीर्ष आठ अनुवादकों तथा आठ जांचकर्ताओं को सचिव, राजभाषा विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।** इस प्रतियोगिता के **नियम/शर्तें** निम्नलिखित होंगी –

1. इस प्रतियोगिता में सभी सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों एवं बीमा कंपनियों में राजभाषा/अनुवाद से जुड़े अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं।
2. प्रतिभागियों को अंग्रेजी तथा हिन्दी भाषा में अनुवाद के ज्ञान के साथ-साथ कंप्यूटर पर हिन्दी में काम करने की जानकारी भी होनी चाहिए।
3. प्रतिभागी अनुवाद कार्य की प्रविष्टि **"कंठस्थ"** के वैब संस्करण के माध्यम से ही करेगा, अतः प्रतिभागी **"कंठस्थ"** के वैब संस्करण पर पंजीकृत होना चाहिए। प्रतिभागी अपने स्थान से ही प्रतियोगिता में भाग ले सकता है।

4. प्रतिभागी को कंप्यूटर/ लैपटाप तथा इन्टरनेट की उपलब्धता स्वयं सुनिश्चित करनी होगी।
5. प्रतियोगिता के लिए अलग से पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं होगी।
6. दिनांक **01 मार्च 2021 से 30 मई 2021** के मध्य **"कंठस्थ"** ग्लोबल टीएम पर अपलोड किए गए अनुवाद कार्य- टीएम (TM) की गणना प्रतियोगिता के लिए की जाएगी। इस अवधि में अर्थात मार्च 2021, अप्रैल 2021 तथा मई 2021 के दौरान ग्लोबल टीएम में प्रत्येक माह कम-से-कम 2000 टीएम अपलोड करने वाले प्रतिभागियों को ही प्रतियोगिता में सम्मिलित माना जाएगा। उल्लेखनीय है कि 10 शब्दों के एक वाक्य को 1 टीएम के रूप में माना गया है। इससे कम शब्दों वाले वाक्य की टीएम के रूप में गणना नहीं की जाएगी।
7. प्रतियोगिता के अंत में समेकित टीएम (माह मार्च 2021, अप्रैल 2021 तथा मई 2021 के दौरान जोड़े गए कुल वाक्यों) के आधार पर विजेताओं का चयन किया जाएगा।
8. टीएम की गणना करते समय सिस्टम द्वारा अंकों, संक्षिप्त नाम (abbreviation) तथा 10 शब्दों से कम शब्दों वाली टीएम की गणना नहीं की जाएगी।
9. कृपया ध्यान दें, ग्लोबल डेटाबेस में डुप्लिकेशन वाली टीएम की गणना प्रतियोगिता हेतु नहीं की जाएगी।
10. ग्लोबल टीएम पर डेटा केवल अधिकृत जांचकर्ता (Vetter) द्वारा ही अपलोड किया जा सकता है।
11. राजभाषा अधिकारी/अनुवादक तथा जांचकर्ता ग्लोबल टीएम पर डेटा अपलोड करते समय टीएम की वर्तनी, वाक्य संरचना तथा अनुवाद आदि की तथ्यपरकता एवं गुणवत्ता आदि का ध्यान रखें। तथ्यपरक वाक्यों को ही डेटाबेस में डाला जाए।

**सहायता -**

1. सरकारी क्षेत्र के जिन उपक्रमों एवं बीमा कंपनियों ने **"कंठस्थ"** के सैंट्रल सर्वर पर डेटा अपलोड (ग्लोबल टीएम) करने के लिए अपने कार्यालय से जांचकर्ता को अधिकृत नही कराया है, वे अपने कार्यालय से निम्नलिखित फॉर्मेट में सूचना उप-निदेशक (रा.भा./तकनीकी) के माध्यम से techcell-ol@nic.in या rajesh.srivastva@nic.in पर भेजकर जांचकर्ता (Vetter) को अधिकृत करा सकते हैं।

| क्रम सं. | मंत्रालय/विभाग का नाम | जांचकर्ता (vetter) का नाम व पदनाम | **"कंठस्थ"** का यूजर आईडी | मोबाइल संख्या | ई-मेल आईडी | पुष्टि करने वाले अधिकारी का नाम व पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

2. प्रतियोगिता के समय किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए राजभाषा विभाग तथा सी -डैक की निम्नलिखित टीम सहायता प्रदान करेगी-

| क्रम सं | नाम व पदनाम | संस्थान | मोबाइल नंबर | ई-मेल आई डी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, उप-निदेशक (रा.भा./तकनीकी) | राजभाषा विभाग | 9891358585 | rajesh.srivastva@nic.in |
| 2. | श्री दीपक कुमार, निरीक्षक | राजभाषा विभाग | 9568400689 | techcell-ol@nic.in |
| 3. | श्री शशिपाल, संयुक्त निदेशक | सी-डैक, पुणे | 9371542211 | shashis@cdac.in |
| 4. | श्री नीलेश, प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग | सी-डैक पुणे | 8275332508 | nileshp@cdac.in |

3. **"कंठस्थ"** के प्रयोग के बारे में जानने के लिए एक वीडियो राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर **"कंठस्थ"** टूल के अंतर्गत उपलब्ध है।
4. **"कंठस्थ"** के प्रयोग हेतु प्रशिक्षण पुस्तिका भी **"कंठस्थ"** की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**परिणाम -**

प्रतियोगिता का परिणाम राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

**पुरस्कार –**

1. ग्लोबल डेटाबेस मे सर्वाधिक TM जोड़ने वाले शीर्ष आठ अनुवादकों (अनुवाद अधिकारियों/राजभाषा अधिकारियों/कर्मचारियों) को सचिव, राजभाषा विभाग द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र विजेताओं के कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से प्रदान कराए जाएंगे।
2. ग्लोबल डेटा बेस मे सर्वाधिक TM जोड़ने वाले शीर्ष आठ जांचकर्ताओं (Vetters) को सचिव, राजभाषा विभाग द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र विजेताओं के कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से प्रदान कराए जाएंगे।
3. प्रथम आठ विजेताओं के कार्यालयाध्यक्षों को सचिव, राजभाषा विभाग द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।
4. प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी विजेताओं तथा ग्लोबल टीएम में 10,000 से अधिक टीएम अपलोड करने वाले प्रतिभागियों का विवरण (सचित्र) राजभाषा विभाग की

वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा तथा साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पत्रिका "राजभाषा भारती" में भी प्रकाशित किया जाएगा।

5. ग्लोबल टीएम में 6,000 से अधिक टीएम (ऊपर दिए गए विवरण/नियमों के अनुसार) अपलोड करने वाले प्रतिभागियों का विवरण (सचित्र) राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पत्रिका "राजभाषा भारती" में प्रकाशित किया जाएगा।

19/02/2021

**(राजेश कुमार श्रीवास्तव)**

**उप-निदेशक (रा.भा./ तकनीकी)**

प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु –

1. सभी मंत्रालयों/विभागों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे इस प्रतियोगिता को अपने सभी संबद्ध सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और बीमा कंपनियों की जानकारी में लाएं और उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।
2. सचिव, संसदीय राजभाषा समिति, नई दिल्ली।
3. सी-डेक, पुणे को इस अनुरोध के साथ कि वे प्रतियोगिता के सुचारु संचालन में सहयोग प्रदान करें।
4. राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे इस प्रतियोगिता के बारे में अपने क्षेत्र में स्थित सभी संबद्ध सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और बीमा कंपनियों को अवगत कराएं।
5. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाएँ।
6. सचिव, राजभाषा विभाग को सूचनार्थ।
7. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग को सूचनार्थ।
8. सभी निदेशक, राजभाषा विभाग को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।

19/02/2021

**(राजेश कुमार श्रीवास्तव)**

**उप-निदेशक (रा.भा./ तकनीकी)**

# **“कंठस्थ” के प्रयोग संबंधी कुछ मुख्य बिन्दु”**

- “कंठस्थ” की वेबसाइट www.kanthasth-rajbhasha.gov.in है।
- प्रयोक्ता पुस्तिका तथा अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों का संकलन **“कंठस्थ”** की वेबसाइट पर उपलब्ध है ।
- **“ऑनलाइन कंठस्थ में काम करना बहुत आसान-करके तो देखिए”** नामक संक्षिप्त पुस्तिका भी “कंठस्थ” की वेबसाइट पर उपलब्ध है ।
- “कंठस्थ” में प्रोजेक्ट ,फोल्डर तथा फाइल के नाम में केवल वर्णमाला तथा संख्या को लिया जाता है तथा इसका पहला अक्षर वर्ण होना चाहिए। नाम के अंत में स्पेस नही होना चाहिए । प्रोजेक्ट व फोल्डर में अधिकतम वर्णों की संख्या 20 वर्ण तथा फाइल में अधिकतम वर्णो की संख्या 100 वर्ण तक ली जा सकती है । अधिकतम 20 MB तक के साइज की फाइल अनुवाद के लिए अपलोड किया जा सकती है।
- यूजर द्वारा जब फाइल को एडिटर पेज पर अनुवाद के लिए खोला जाता है तो फाइल पर उपलब्ध डेटा वाक्यों के रूप में में दिखाई देता है क्योंकि यह सॉफ्टवेयर फाइल में प्रयोग किए विशेष शब्द चिह्नों जैसे (लाइन विभाजन (/), प्रश्नवाचक चिह्न (?), डॉट (.) तथा पूर्णविराम (।)) के आधार पर फाइल को वाक्यों में विभाजित करता है।
- यूजर द्वारा कमिट किया गया कार्य टीएम के रूप में संरक्षित होता है जो प्रोजेक्ट तथा फोल्डर के आधार पर स्वत: ही निर्मित होती है ।
- यूजर द्वारा मेन्यू बार में Show TM बटन की सहायता से उसके द्वारा किए गए कार्य को देखा जा सकता है तथा जांचकर्ता के माध्यम से ग्लोबल डेटाबेस में भेजा जा सकता है ।
- जांचकर्ता द्वारा समीक्षा (Review) बटन की सहायता से प्राप्त टीएम की जांच कर उन्हे ग्लोबल टीएम में भेजा जा सकता है ।
- “कंठस्थ” के प्रयोग में आ रही किसी भी समस्या हेतु समस्या के स्क्रीनशॉट के साथ **सहायता** के बिन्दु संख्या (2) में उल्लिखित टीम से संपर्क किया जा सकता है ।